# कार्यालय
## अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
## उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
ग्वाल मैदान, कन्नौज (209725)

E-Mail ID
ee_cd_kannuaj@yahoo.com
eecdupjnkannauj@gmail.com


पत्रांकः– 1133 / कार्य० 3 / 101 दिनांकः– 25.05.26

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषय- दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "कन्नौज में जल जीवन मिशन योजना अधूरीः निकरीपुर मोड़ और गैसिंहपुर के बीच अधूरी पड़ी पानी की टंकी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 25.05.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "कन्नौज में जल जीवन मिशन योजना अधूरीः निकरीपुर मोड़ और गैसिंहपुर के बीच अधूरी पड़ी पानी की टंकी" के शीर्षक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड उमर्दा ग्राम पंचायत उमर्दा पेयजल योजना का निर्माण कार्य मैसर्स बी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराया जा रहा है।

आपको अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत उमर्दा जोन-1 पुनर्गठन पेयजल योजना ब्लाक उमर्दा में पूर्व निर्मित बाउन्ड्रीवाल , पम्प हाउस एवं अवर जलाशय के मरम्मत का कार्य गुणव्रत्तापूर्वक कराते हुए सौर ऊर्जा अधिष्टापित करा दिया गया है, पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कराते हुए 704 के सापेक्ष 681 पूर्ण कराये जा चुके हैं एवं कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है एवं जोन-2 में नया बाउन्ड्रीवाल व पम्प हाउस का निर्माण गुणवत्तापूर्वक कराते हुए अवर जलाशय का कार्य स्टेजिंग तक पूर्ण करा दिया गया है तथा लक्ष्य के सापेक्ष 481 कनेक्शन पूर्ण कराये जा चुके हैं। उक्त ग्राम पंचायत में पाइप ज्वाइंटिंग एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है। जल्द ही योजना के अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए उक्त ग्राम पंचायत में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

भवदीय

( बी0 पी0 सिंह )
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः– / / दिनांकः–

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2- मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner